**Fourteenth Loksabha**

**Session : 9**
**Date : 18-12-2006**

**Participants : Verma Shri Ravi Prakash**

an>

Title: Need to fix the price of kerosene oil under free sale quota in order to check its alleged black-marketing in the country.

**श्री रवि प्रकाश वर्मा ((खीरी)** : सभापति महोदय, मैं अति लोक महत्व का प्रश्न उठाना चाहता हूं। भारत सरकार ने राशन की दुकानों से मिट्टी के तेल की कालाबाजारी रोकने के लिए फ्री सेल का डिपो हर जिला स्तर परस्थापित करने का निर्णय लिया था, लेकिन अभी तक फ्री सेल के मिट्टी के तेल की कीमत तय नहीं की गई है। हालांकि कम्पनियों ने डीलर्स तय कर दिए थे, लेकिन मिट्टी के तेल की कीमत तय न होने के कारण यह योजना पूरी तरह से कार्यान्वित नहीं हो पाई है। अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि जल्दी से जल्दी फ्री सेल के जो डिपो स्थापित किए जाने हैं, उनके लिए मिट्टी के तेल की कीमत निर्धारित कर दें, जिससे कि पूरे देश के अंदर मिट्टी के तेल की कालाबाजारी पर रोक लग सके।